हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 चोरी रोकने कर्मी नियुक्ति, फिर भी हो रहा मोटरें ...



07 15 करोड़ की लागत से बन रहा नाला नागरिकों...



## खबर संक्षेप

### पथरौटा में सट्टा के खिलाफ कार्रवाई

**इटारसी।** क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पथरौटा पुलिस ने एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी राहुल पिता राजकुमार धुर्वे निवासी कुबड़ाखेड़ी, नयापुरा पथरौटा को सट्टा पर्ची काटते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा सामग्री और नकदी बरामद की है। थाना पथरौटा में आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए सट्टा एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### व्यावसायिक संस्थानों पर लगाए गए स्टीकर

**नर्मदापुरम।** बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति की कार्रवाई के लिए शनिवार को जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्घाटन जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया। यह अभियान श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से न्यायालय परिसर में चलाया गया। जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत इस सप्ताह में पथरोटा एवं केसला स्थित संस्थानों एवं ढाबो में बाल श्रम रोकथाम संबंधी स्टीकर लगाए गए तथा नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के समय यह स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्यों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### रेलवे स्टेशन क्षेत्र के भोजनालय में हादसा, कर्मचारी झुलसा

# प्रॉपर्टी विवाद में भाई ने जलाया भाई का घर, पुलिस ने मामला दर्ज किया

शहर में आगजनी की दो अलग-अलग घटनाओं ने दहशत फैला दी। ग्वालटोली में पारिवारिक विवाद के चलते घर फूंकने और हमले की घटना सामने आई, वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र के एक भोजनालय में आग लगने से कर्मचारी झुलस गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के ग्वालटोली स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे एक भाई ने पारिवारिक विभाग के चलते दूसरे भाई के घर में आग लगा दी। जिससे लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया और उसकी पत्नी पर चाकू से हमला भी कर दिया जिससे उसे चोट आई है, जिसका इलाज चल रहा है। खबर मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। आरोपी पर मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि गणेश यादव ग्वालटोली दुर्गा मंदिर के पीछे रहते हैं और उनका एक भाई सीहोर में रहता है जिसका नाम विजय यादव है। मकान को लेकर उनके पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसको लेकर विजय आया और उसने गणेश के घर में आग लगा दी। जिससे टीवी, फ्रिज, कूलर, पुस्तक कॉपी, गहने, बर्तन सहित सोफे, कपड़े जलकर नष्ट हो गए। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। तुरंत पुलिस को खबर दी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया । बताया जाता है कि मकान को लेकर दोनों में विवाद चल रहा है । गणेश यादव के दो बच्चे हैं और दूसरा भाई सीहोर में रहता है। विजय यादव आए दिन विवाद करता है। घर के सभी सदस्य ज़ब ज्वारे विसर्जन में चले गए और मौका मिलते ही विजय ने घर में आग लगा दी । अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। उनके परिजनों ने बताया कि दोनों में विवाद काफी दिनों से चल रहा है। अलग-अलग रहते हैं लेकिन आज विजय ने यह घटना कर दी।



### पीड़ित की दो छोटी बेटी, किताब कापी और ड्रेस जली

पीड़ित गणेश यादव की दो बेटियां है जो स्कूल में प्राइवेट स्कूल में पढ़ती हैं । उनके स्कूल की ड्रेस, बर्तन खाने का सामान सब पूरा जलकर स्वाहा हो गया। घर में रखे सोने चांदी की जेवर और कुछ नगद नोट भी जल गए। गणेश यादव मजदूरी करके हाथ ठेले पर अंडे बेचने का काम करता है। नवरात्रि में वह घर पर ही था और उसके परिवार के लोग सेठानी घाट पर ज्वारे विसर्जन में गए थे। किसी ने उनको बताया तब जाकर उन्हें घटना का पता चला।

### मामला दर्ज कर किया अरेस्ट

मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई थीं। आरोपी ने चाकू लेकर भाई की पत्नी को धमकाया भी था। उस पर बीएनएस की धारा 326,115 (2) 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिए।

### इनका कहना है

आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। उस पर केस दर्ज कर लिया है । अब कोर्ट में पेश किया जाएगा । उनका पारिवारिक विवाद है। मामले की जांच की जा रही है।

**कंचन सिंह ठाकुर**, कोतवाली थाना प्रभारी

## रेलवे स्टेशन के पास साईं कृपा भोजनालय में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शनिवार सुबह अफरा-तफरी मच गई, पास ही स्थित एक भोजनालय में अचानक आग भड़क उठी। इस हादसे में भोजनालय का एक कर्मचारी मामूली रूप से झुलस गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कैसे हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 7:30 बजे की है। भोजनालय खुलने के बाद सुबह की तैयारी के लिए लकड़ी की भट्टी जलाई गई थी, जिस पर तेल की कड़ाई रखी हुई थी। इसी दौरान भट्टी से एक जलती हुई लकड़ी पास ही रखे लकडिय़ों के ढेर पर जा गिरी, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि भट्टी पर रखी कढ़ाई का खौलता तेल वहां काम कर रहे कर्मचारी कुलदीप राजपूत के ऊपर गिर गया, जिससे उसके दोनों हाथ झुलस गए।

### स्थानीय लोगों और दमकल की तत्परता

आग लगते ही भोजनालय से धुएं का गुबार उठने लगा। मौके पर



मौजूद लोगों ने तुरंत नगर पालिका की दमकल को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले कर्मचारियों ने दुकान में रखे अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर आग को दबाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, ऊपर रखी पानी की टंकी को भी फोड़ दिया गया ताकि पानी की बौछार से आग पर काबू पाया जा सके। सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया। घायल कुलदीप को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

### संचालक का बयान

भोजनालय संचालक दशरथ सिंह राजपूत ने बताया कि तेल की कढ़ाई में आग लगने के कारण हादसा हुआ। समय रहते दमकल और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी घटना टल गई है और संपत्ति का ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

## कमिश्नर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान

**परिसर में श्रमदान से साफ-सफाई का संदेश दिया**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की प्रातः कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। प्रातः 7 बजे से आयोजित स्वच्छता के इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपार उत्साह से परिसर की सफाई कर परिसर को स्वच्छ कर साफ सफाई को आदत में शामिल करने का संदेश दिया।

इस दौरान कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने पूरे कमिश्नर परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लंबे समय से परिसर में स्थित बंद कुएं का जीणोदार करने के निर्देश दिए। बंद कुएं में अंदर तक छोटी-छोटी झाड़ियां उग गई है साथ ही पीपल का वृक्ष भी पनप गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की लोक निर्माण विभाग झाड़ियो को हटा कर कुएं का जीणोदार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को पूरे नगर में भी बेहतर साफ सफाई व्यवस्थाएं बनाए रखने एवं शहर की नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए और कहां की इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। कमिश्नर ने स्वयं परिसर के चारों तरफ बनी नाली की गहराई का अवलोकन किया। नालियों में उग आई झाड़ियो एवं पत्तों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जगह-जगह उखड़ी नालियों की मरम्मत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नालियों की मरम्मत कर नालियों का सीमेंट करण किया जाए। नाली के ऊपर उगी झाड़ियो को तत्काल हटाकर नाली के आसपास में रंग रोगन कर उसे आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने परिसर की दीवार जो कई जगह से बदरंग हो गई है उसकी पुताई कराने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने परिसर में पार्किंग व्यवस्था भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर तिवारी ने सफाई अभियान के दौरान देखा कि कमिश्नर परिसर से लगे हुए जल संसाधन विभाग के प्रक्षेत्र में व्यापक रूप से गंदगी व्याप्त है। प्लास्टिक के डिस्पोजल, पानी की बोतल, गुटका पाउच के रैपर एवं पेडो की पत्तियां तथा कचरा बिखरा पड़ा है। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों को उक्त स्थान से सभी वस्तुएं हटाकर डिस्पोजल करने के निर्देश दिए।

## मोरछली क्षेत्र में हाईवे किनारे अवैध पार्किंग से होती परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के मुख्य बाजार में स्टेट हाईवे किनारे पलकमती नदी पुल से एसडीओपी कार्यालय के सामने मालवीय पैलेस तक का क्षेत्र बड़ा व्यवसायिक केंद्र है। जहां रोजाना की जाती अवैध पार्किंग से यह कमर्शियल बेल्ट पार्किंग स्थल बन जाता है। इससे व्यापारियों व आमजनों को परेशानी होती है। साथ ही हाईवे पर यातायात बाधित होता है। प्रशासन समस्या समाधान को लेकर कोई प्रयास नहीं कर रहा है। जिससे नागरिकों में भारी नाराजगी है।

## महाकाली दरबार के जवारे विसर्जित, भक्त हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह सोना सांवरी नाका स्थित श्री माता महाकाली दरबार मंदिर से विशाल जवारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर के पुजारी बाबा रामेश्वर दास नागा के सानिध्य में शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह 9 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह भव्य यात्रा बैंड-बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। सिर पर जवारे रखे महिलाओं और श्रद्धालुओं का हुजूम सूरजगंज, सिंधी कॉलोनी, स्टेट बैंक चौराहा, भारत टॉकीज और शीतला माता मंदिर होता हुआ सराफा बाजार पहुंचा। पूरे रास्ते जय माता दी के जयकारों से वातावरण धर्ममय हो गया। नगर भ्रमण के पश्चात मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा इन पवित्र जवारों को भक्ति भाव के साथ मां नर्मदा तट पर विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस अवसर पर महाकाली दरबार मंदिर समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संस्था की 10वीं सालगिरह पर सामाजिक कार्य संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा सहयोग संस्था की दसवीं सालगिरह का आयोजन विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। संस्थापक एवं अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने बताया कि जिस उद्देश्य को लेकर संस्था का गठन किया गया था, संस्था निश्चित ही अपने कार्यों में सफल रही है। समाज सेवा के साथ देश भक्ति, महिला सशक्तिकरण, साक्षरता अभियान, मेडिकल कैंप, पर्यावरण संरक्षण एवं रोज़गार के लिए प्रेरित करना, साथ साथ धार्मिक आयोजन भी करना। गर्मी में पशु एंव पक्षियों के दाना पानी एंव पिकनिक कर मनोरंजन करना आदि। सभी कार्यों को वखूवी संचालित किया जा रहा है। शनिवार 28 मार्च 10 वीं सालगिरह पर प्रतिवर्षानुसार मां नर्मदा जी पूजन आरती कर आशीर्वाद लिया। पूजन संस्था के परम संरक्षक डॉ. गोपाल प्रसाद खड्डर ने विधी विधान से करवाई। साथ में संरक्षक अध्यक्ष नीरजा फौजदार, रामगोपाल चौबे, आर एस चौहान, अशोक श्रीवास्तव, एन सी जैन, जॉन आजाद, अनीता आर एल जैन, जयंती जैन, शारदा जैन, वंदना शर्मा आदि मौजूद रहे।

## लोकगीतों के स्वरों में श्रीराम नाम का मधुर रस




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कला नुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केंद्रित' आविर्भाव समारोह का आयोजन 27 मार्च को सायं 6:30 बजे से श्रीराम मंदिर, माच्छा में किया गया।

संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, नर्मदापुरम के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में राकेश सिंह एवं साथी, हरदा का निमाड़ी लोक गायन, भोपाल की प्रीति तिवारी एवं साथी कलाकारों द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य शैली में श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका श्रीरामचरितम की प्रस्तुति एवं धार की श्वेता गुंजन जोशी द्वारा श्रीराम केन्द्रित भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम राकेश सिंह म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ... गीत से प्रस्तुति की शुरुआत की।

**भव्य नगर भ्रमण के बाद विसर्जन किया**

# सतपुड़ा की वादियों में गूंजा महाकाली का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का समापन आज माँ महाकाली के भव्य विसर्जन के साथ हुआ। झंडा स्थल पर विराजित गढ़ा फाटक (जबलपुर) के स्वरूप वाली महाकाली की प्रतिमा का पूरे विधि-विधान और नगर भ्रमण के बाद विसर्जन किया गया। पर्यटन नगरी पचमढ़ी में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर स्थापित 'गढ़ा फाटक वाली महाकाली' की भव्य प्रतिमा का आज श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन संपन्न हुआ। स्थानीय 'सर्वदा शक्तिशाली महाकाली मंडल' द्वारा आयोजित इस नौ दिवसीय महोत्सव का समापन माता की विदाई के साथ हुआ, जिसमें पूरा शहर भक्ति के रंग में डूबा नजर आया।

### शहर भ्रमण में उमड़ा जनसैलाब

विसर्जन से पूर्व माता की प्रतिमा का भव्य



नगर भ्रमण कराया गया। गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकली इस विसर्जन यात्रा में पचमढ़ी के स्थानीय निवासियों सहित बड़ी संख्या में पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया। झंडा स्थल से शुरू हुई यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहाँ जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया।

### भक्ति और शक्ति का संगम

जबलपुर की सुप्रसिद्ध 'गढ़ा फाटक की महारानी' के हूबहू स्वरूप को निहारने के लिए सड़क के दोनों ओर भक्तों की कतारें लगी रहीं। विसर्जन जुलूस के दौरान भक्तों का उत्साह चरम पर था और ₹जय महाकाली₹ के जयकारों से सतपुड़ा की पहाड़ियाँ गूँज उठीं। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

### विधि-विधान से विदाई दी गई

नगर भ्रमण के पश्चात निर्धारित स्थल पर विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। महाकाली मंडल के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यंत्र पूजा और अंतिम आरती के बाद नम आँखों से माता को विदाई दी गई। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की।

## जवारे विसर्जित किए, माता महाकाली की निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ज्वाला मैया सभागार प्रांगण में चैत्र नवरात्रि में माता महाकाली की प्रतिमा की स्थापना की गई। आचार्य पंडित सुनील गुरुजी के सानिध्य में 251 खप्पर 101 तोरण एवं 11 खंड जोत का भव्य आयोजन किया गया। शोभा यात्रा निकाल कर किया विसर्जन शनिवार शाम को नगर के मुख्य मार्ग से माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर में पहली बार ऐतिहासिक आयोजन किया गया जिसमें नगर वासी पूर्ण श्रद्धा आस्था के साथ शामिल हुए 1000 से ज्यादा धर्म प्रेमी महिलाएं पीले वस्त्र में सिर पर जवारे लेकर मैया के भजन गाती हुई शामिल हुई। आगे माता महाकाली की प्रतिमा की भव्य झांकी के साथ डीजे बैंड बाजे पड़ीहार और धार्मिक जनता चल



रही थी खेड़ापति मंदिर जाकर प्रतीकात्मक जवारे तोरण विधि विधान से पूजन कर अर्पण कर माता महाकाली की प्रतिमा का नसीराबाद नर्मदा नदी में विसर्जन किया गया

### शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया

जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जवारे में शामिल धर्म प्रेमियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया कसेरा मोहल्ला में सेनानी परिवार के दीपक वर्मा ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं के लिए शैलपुत्री धाम तक मेटिंग बिछाई थी। जगह-जगह नागरिकों एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा शामिल श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई।

**खबर संक्षेप**

### घोड़ाडोंगरी में 4 से 6 अप्रैल तक होगा तीन दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन

**बैतूल।** वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आदिरंग/आदि महोत्सव का आयोजन 4 से 6 अप्रैल तक विकासखंड मुख्यालय घोड़ाडोंगरी में किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने महोत्सव की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जिले की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और कला को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। महोत्सव के सुचारू संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल को संपूर्ण आयोजन का प्रभारी एवं समन्वयक बनाया गया है, जो जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सभी व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखें।

66 करोड़ खर्च के बाद भी लोगों को मिल रहा एक दिन में पानी

# चोरी रोकने कर्मी नियुक्ति, फिर भी हो रहा मोटरें लगाकर माचना का दोहन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए नगरपालिका लगातार निगरानी बनाये हुए है। नगरपालिका ने पानी चोरी रोकने के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर रखी है, जो माचना के आसपास पानी चोरी रोकने और किसानों को मोटर न लगाने की हिदायत दे रहे है। लेकिन इसके बाद भी पानी की चोरी नहीं रुक रही है। यदि ऐसे ही हालात रहे तो वह समय दूर नहीं, जब नगरपालिका को घोघरी और लाखापुर जलाशय से पुनः पानी लेने की जरूरत पड़ जायेगी। वैसे अभी माचना में साढ़े सात फीट पानी उपलब्ध है। वहीं ताप्ती बैराज से 70 फीसदी और माचना से 30 प्रतिशत पानी लेकर शहर में सप्लाई किया जा रहा है। नगरपालिका का कहना है कि पानी लॉस या पानी चोरी जैसी स्थिति निर्मित नहीं होती है तो पूरे शहर में गर्मी भर पानी की सप्लाई जारीरखी जा सकती है, लेकिन पानी चोरी पर पूर्णतः प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। यह हालात इशारा कर रहे है कि आने वाले महीनों में नगरपालिका ने पानी चोरी पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो स्थिति गंभीर हो सकती है या पानी सप्लाई लडख़ड़ा सकती है।



#### लाखापुर और घोघरी से लिया जा चुका है पानी .

नगरपालिका, घोघरी जलाशय से आधा एमसीएम पानी ले चुकी है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में लाखापुर जलाशय से भी पानी लिया था। जबकि मार्च की शुरुआत में जलाशयों से पानी लेने की प्रक्रिया शुरू होती थी। लेकिन इस बार मार्च से पहले ही जलाशयों से पानी लेना पड़ा है। बताया जा रहा है कि अभी माचना डैम का जलस्तर साढ़े सात फीट पर है और ताप्ती में भी इतना पानी है कि माचना एनीकेट और ताप्ती बैराज से पानी लेकर शहर को करीब एक माह पानी सप्लाई किया जा सकता है। वैसे जानकार कहते है कि घोघरी जलाशय से अभी मात्र आधा एमसीएम पानी लिया है और आधा एमसीएम पानी रिजर्व रखा है। यह पानी अप्रैल माह में नपा ले सकती है। जिससे मई-जून तक शहर में पानी की सप्लाई बनी रहेगी।

#### प्रतिदिन एक करोड़ लीटर की सप्लाई

शहर के विवेकानंद वार्ड स्थित माचना एनीकट से 33 वार्डों में प्रतिदिन लगभग एक करोड़ लीटर पानी सप्लाई किया जाता है। इतनी बड़ी मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के लिए नगरपालिका को माचना और ताप्ती दोनों नदियों पर निर्भर रहना पड़ता है। ताप्ती बैराज से माचना एनीकट की दूरी करीब 21 किलोमीटर है, जिससे मोटरों पर दबाव बढ़ता है और उन्हें बीच-बीच में बंद करना पड़ता है। इस तकनीकी चुनौती के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल नजर नहीं आती। यदि फरवरी में ही जलाशयों का सहारा लेना पड़ रहा है और बैराज की मरम्मत अधूरी है, तो आने वाले अप्रैल-मई में हालात क्या होंगे, यह सोचकर ही चिंता बढ़ जाती है। योजना और संरचनात्मक सुधार नहीं किए गए, तो गर्मी में शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

#### अभी एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई

माचना नदी का जलस्तर गिरने के कारण नगरपालिका ने शहर में एक दिन के अंतराल से पेयजल सप्लाई करना शुरू कर दिया है। हालात यह है कि अब शहर के 33 वार्डों में एक दिन के अंतराल से पेयजल की सप्लाई की जा रही है। जिससे शहरवासियों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में नगरपालिका द्वारा एक दिन के अंतराल से ही वार्डों में पेयजल की सप्लाई कर रही है, इसमें भी कई वार्डों में पर्याप्त नल नहीं आने के कारण लोग परेशान है। ऐसे में पेयजल को लेकर लोगों की परेशानियां बढ़ गई है, क्योंकि गर्मी में पानी की खपत दोगुनी हो जाती हैं। एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई होने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर करने में मुश्किल हो रही हैं।

#### लोगों को पानी के लिए 2 बड़ी योजनाएं, पर मचा हाहाकार

बैतूल शहर में अमृत और यूआईडीएसएसएमटी जैसी दो बड़ी योजनाएं लागू होने के बाद भी 25 हजार कनेक्शनधारियों को एक दिन के अंतराल में पानी नसीब हो पा रहा है। शहर में साल भर लोगों को एक दिन के बाद ही पानी मिलता है। शहर में पानी के लिए पिछले 10 साल में 33 करोड़ की यूआईडीएसएसएमटी योजना और 33 करोड़ अमृत योजना पर खर्च किये गये। नपा योजनाओं पर खर्च के अलावा हर साल नपा को लाखापुर और घोघरी डैम से 15 लाख रूपये का पानी खरीदना पड़ता है। नपा के पास पर्याप्त स्टोरेज क्षमता नहीं है। जिसे सुधारने 11 करोड़ की 4 नई पानी टंकियां बनाई जा रही है यानि पुराने करोड़ों के खर्च के बाद अब नया बजट खपाने की तैयारी है।

#### इनका कहना है

अभी माचना में साढ़े सात फीट पानी है। हम 70 फीसदी पानी ताप्ती बैराज और 30 प्रतिशत पानी माचना एनीकेट से लेकर शहर में सप्लाई करते है। पानी लॉस या पानी चोरी नहीं होता है तो करीब एक महीने तक शहर को पानी सप्लाई कर सकते है। वैसे घोघरी से अभी आधा ही पानी लिया है। जरूरत पड़ने पर आधा एमसीएम पानी और लेगे।

**धर्मेन्द्र राठौर**, जल शाखा प्रभारी एवं सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

अस्पताल में एडमिट रहे

## भारतीय सेना में सूबेदार को अंतिम विदाई, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के ग्राम सेहरा निवासी भारतीय सेना के सेवारत सैनिक सूबेदार दयानंद लिल्होरे का उपचार के दौरान निधन हो गया। शनिवार को उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पूर्व सैनिक शामिल हुए। दयानंद लिल्होरे भारतीय सेना की ईएमई कोर में सूबेदार पद पर पदस्थ थे और ग्वालियर में सेवा दे रहे थे। बताया गया कि 9 मार्च को वह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने गांव आए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। पहले तीन दिन बैतूल के निजी अस्पताल में इलाज चला, इसके बाद दो दिन नागपुर में भर्ती रखा गया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर उन्हें ग्वालियर यूनिट ज्वाइन कराया गया, जहां हालत और बिगड़ने पर सेना द्वारा दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान 26 मार्च को दोपहर करीब 2.30 बजे दिल्ली के आर एंड आर हॉस्पिटल में उनका निधन हो गया। परिजन भाई खुशीराम सहित अन्य लोग दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही सूबेदार दयानंद ने अंतिम सांस ले ली। भारतीय सेना द्वारा उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से विमान के माध्यम से नागपुर लाया गया, जहां से सडक़ मार्ग से बैतूल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। शनिवार सुबह शहीद भवन में अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव देह रखी गई, जहां विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, तहसीलदार, एसडीएम, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, पूर्व सैनिक, नगर पालिका प्रतिनिधि और बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा ग्राम सेहरा रवाना हुई।

### भैंसदेही पुलिस ने जुआरियों पर की कार्रवाई

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने जुआ खेलने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए 5 प्रकरण जुआ एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 29 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए कुल 27,825 रुपए नगद एवं जुआ सामग्री जप्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च को शाम 05.00 बजे जुआ खेलने की सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए स्थान ग्राम खोमई के पास महाराष्ट्र बॉर्डर अडन्ना नदी के किनारे आम के पेड़ के नीचे खुले स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे जो पुलिस को देख कर भागे। उक्त लोगों में से चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा।

टिकारी आयुर्वेद चिकित्सालय में सबसे अधिक 440 लाभार्थी

# 607 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ जिले के चार केंद्रों पर हुआ आयोजन

### अगला स्वर्ण प्राशन 24 अप्रैल को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आयुष विभाग द्वारा 28 मार्च को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलेभर के 607 बच्चों ने लाभ लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि यह आयोजन हर माह पुष्य नक्षत्र पर किया जाता है और इस बार भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जिले में चार स्थानों पर स्वर्ण प्राशन कराया गया। शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 440 बच्चों, जिला आयुष विंग बैतूल में 53, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 94 और शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 20 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया।




उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन औषधि में स्वर्ण भस्म के साथ शंखपुष्पी, ब्राह्मी, वचा, घृत और शहद का मिश्रण होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है। बदलते मौसम में इसे बच्चों के लिए अमृत तुल्य माना जाता है। आयुष विभाग ने बताया कि अगला पुष्य नक्षत्र 24 अप्रैल को रहेगा। सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन के लिए लाकर इसका लाभ जरूर दिलाएं।

### डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति, भ्रामक खबरों से बचने की अपील

**बैतूल।** जिले में डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति एवं नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए लगातार ऑयल कंपनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला आपूर्ति नियंत्रक बैतूल केके टेकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी गई है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकता अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का क्रय एवं भंडारण करें तथा अनावश्यक स्टॉक न करें। वर्तमान में जिले में इन सभी ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और ऑयल कंपनियों के डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार शनिवार को राजस्व एवं खाद्य विभाग के अमले द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण भी किया गया।

अनुशासन और स्वास्थ्य जागरुकता के लिए रैली निकाली

# पटेल जयंती पर पुलिस की साइक्लोथॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस ने शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर में एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने पुलिस ग्राउंड से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस पुलिस ग्राउंड पर आकर संपन्न हुई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। साइक्लोथॉन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, थाना प्रभारी कोतवाली देवकरण डेहरिया, थाना प्रभारी गंज नीरज पाल, रक्षित निरीक्षक दिनेश मर्सकोले, यातायात प्रभारी गजेंद्र केन और खेल एवं युवक कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, थाना कोतवाली, गंज और बैतूल बाजार का पुलिस स्टाफ, विशेष सशस्त्र बल 13वीं वाहिनी ग्वालियर के जवान, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं, नगर रक्षा समिति के सदस्य और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। पूरे आयोजन में अनुशासन और सुचारु व्यवस्था बनी रही। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं में सकारात्मक सोच और अनुशासन की भावना विकसित करने के लिए ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे।

हेमंत खंडेलवाल ने परिजनों को आर्थिक सहायता देकर पढ़ाई - रोजगार की ली जिम्मेदारी

# निजी शोक के बावजूद विधायक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिवंगतों के निवास पर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने व्यक्तिगत दुख के बावजूद बैतूल विधानसभा क्षेत्र में दिवंगतजनों के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों का दुख बांटकर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने दिवंगतजनों के परिजनों को आर्थिक सहायता देकर बेसहारा हुए बच्चों की पढ़ाई और रोजगार की जिम्मेदारी लेकर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल की पुत्री का आकस्मिक निधन हो गया था। निधन के पश्चात लगभग एक पखवाड़े बाद ही उन्होंने अपने निजी शोक को परे रखते हुए सामाजिक सरोकार और संवेदना की मिसाल प्रस्तुत कर बैतूल विधानसभा क्षेत्र में दिवंगतजनों के निवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। 27 मार्च को श्री खंडेलवाल ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के जामठी, माथनी, धनोरा जीन, खेड़ीसांवलीगढ़, महदगांव, बडोरा ग्रामों सहित बैतूल नगर में लगभग दो दर्जन दिवंगत जनों के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।




बेसहारा हुए परिवार का बने सहाराः

बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बैतूल ग्रामीण खेड़ीसांवलीगढ़ मंडल अंतर्गत माथनी ग्राम में प्रहलाद सरनेकर एवं उनके पुत्र राहुल सरनेकर के निधन पर श्री खंडेलवाल ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। परिवार के दो पुरुष सदस्यों के निधन से शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना देकर श्री खंडेलवाल ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने परिवार के दिवंगत मुखिया स्व . प्रहलाद सरनेकर की पत्नी श्रीमती उर्मिला सरनेकर को मौके पर ही आर्थिक सहायता प्रदान कर प्रति वर्ष आर्थिक मदद करने का भरोसा दिया।

## बैतूल अंडर ब्रिज 45 दिन बंद रहेगा, रेलवे की थर्ड लाइन निर्माण के लिए 3 अप्रैल से बदलाव



**बैतूल।** शहर का महत्वपूर्ण अंडर ब्रिज अब 45 दिनों के लिए बंद रहेगा। रेलवे की थर्ड लाइन निर्माण परियोजना के तहत यह बदलाव किया गया है। पहले यह कार्य 1 अप्रैल से प्रस्तावित था, लेकिन स्थानीय धार्मिक आयोजनों के कारण इसे 3 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। मध्य रेल, बैतूल के निर्माण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बैतूल रेलवे स्टेशन के इटारसी छोर पर रेलवे किलोमीटर 850/41-43 के बीच स्थित अंडरपास में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए इसकी लंबाई बढ़ाई जाएगी। इस निर्माण कार्य की कुल अवधि लगभग 45 दिन निर्धारित की गई है, जिसमें लगभग एक माह निर्माण कार्य और 15 दिन तराई के लिए रखे गए हैं। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि पहले यह कार्य 1 अप्रैल से शुरू होना था। हालांकि, गर्ग कॉलोनी और रामनगर क्षेत्र में हनुमान जयंती तथा शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा/स्थापना जैसे धार्मिक कार्यक्रमों और संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए जनसुविधा के लिए कार्य की तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस 45 दिवसीय अवधि के दौरान, अंडर ब्रिज से गुजरने वाले सभी सडक़ यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा। प्रशासन और रेलवे विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे असुविधा से बचने और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए इन वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें।

**CHANGE OF NAME**

I, NO.- 4577035X Rank- EX NK Name- **Gangadhar Kawadker**, resident of Manas Nagar, Patel Ward No.- 16, Teh. & Distt.- Betul (MP) Pin- 460001 have changed My Daughter's Name from **NUPUR** to **NUPUR KAWADKER**, vide affidavit 28/03/2026 before 1'st Class Magistrate Betul, Distt. Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, NO.- 4577035X Rank- EX NK Name- **Gangadhar Kawadker**, resident of Manas Nagar, Patel Ward No.- 16, Teh. & Distt.- Betul (MP) Pin- 460001 have changed My Daughter's Name from **AKANSHA** to **AKANSHA Kawadker**, vide affidafit 28/03/2026 before 1'st Class Magistrate Betul, Distt. Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I **Durga** is Legally Wedded Spouse of No.- 4577035X Rank- EX NK Name- **Gangadhar kawadker**, resident of Manas Nagar, Patel Ward No-16, Teh. & Distt.- Betul (MP) Pin- 460001, have changed My Name From- **Durga** to **Durga Kawadker**, vide affidavit 28/03/2026 before 1'st Class Magistrate Betul, Distt. Betul (MP)

# बैतूल में 29 से 31 तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आयोजन

### तीन दिन कला महोत्सव, कार्निवाल और शोभायात्रा

**बैतूल।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक 29 मार्च से 31 मार्च तक मनाया जाएगा। यह आयोजन मूर्तिपूजक संघ, स्थानकवासी संघ और कोठी बाजार के दिगम्बर समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च को शाम 7 बजे जैन दादाबाड़ी में कला महोत्सव से होगी, जिसमें ड्रामा, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह आयोजन कल्पना गोठी और पिंकी पगारिया के मार्गदर्शन में होगा। 30 मार्च को शाम 5.30 बजे से जैन दादाबाड़ी परिसर में महावीर कार्निवाल आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों के लिए गेम्स और खानपान के स्टॉल लगाए जाएंगे। 31 मार्च को सुबह 8.30 बजे नेहरू पार्क स्थित किर्ती स्तंभ से भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो अस्पताल, बस स्टैंड, लल्ली चौक, कोठी बाजार स्थानक भवन होते हुए संभवनाथ जैन मंदिर में समाप्त होगी।

## आरती क्षमा प्रार्थना और जयकारों के साथ हुआ घट विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम एवं अत्यंत हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। एकम के दिन अत्यंत विधि विधान से घी एवं तेल की 391 अखंड ज्योत मंत्रोच्चार से प्रज्वलित कर पूजा कर घट स्थापित किए गए जिनकी सेवा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पूरे नियम पवित्रता एवं भक्ति के साथ की गई। प्रतिदिन सायं कालीन महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए एवं भक्तिभाव के साथ मां को अर्जी लगाई।



अष्टमी के दिन दुर्गा सप्तशती का हवन विधिविधान से सम्पन्न हुआ तथा नवमी के दिन लगभग 7 हजार से अधिक धर्म प्रेमियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि नवरात्रि का नवां दिन मां सिद्धिदात्री का होता है तथा नौ दिनों की साधना का फल मां सिद्धिदात्री नवें दिन रात्रि को आकर देती है इसीलिए घट विसर्जन दशमी को किया जाता है यही कारण है कि श्रद्धालु बीजासनी मंदिर से जुड़े भक्तगण व्रत दशमी को छोड़ते हैं तथा घट विसर्जन भी इसी दिन किया जाता है, उन्होंने बताया कि जवारे माता का स्वरूप होते हैं एवं दशमी के दिन वास्तव में मां की विदाई नहीं की जाती अपितु माता का मां ताप्ती से मिलन करवाया जाता है। बीजासनी मंदिर द्वारा प्रतिवर्ष घट विसर्जन खेड़ी ताप्ती घाट पर किया जाता है जहां ज्वारों के रूप में माता सूर्यपुत्री मां ताप्ती जी से मिलती है, पूरे विधिविधान से प्रार्थना आरती एवं क्षमाप्रार्थना के उपरांत उन्हें श्रद्धा समर्पण के साथ भावपूर्ण बिदाई दी गई।

## खबर संक्षेप

### बड़े मंदिर के पास बाइक हुई चोरी, मामला दर्ज

**माखननगर।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र बड़े मंदिर के पास से एक मजदूर की दुपहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी दिनेश बरेले, निवासी ग्राम पांजराकलां, थाना देहात, नर्मदापुरम ने इटारसी थाने में अपनी मोटर साइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी पेशे से मिस्त्री है और प्रतिदिन काम के सिलसिले में इटारसी आता है। बीते शुक्रवार, को सुबह करीब 8:30 बजे उसने अपनी काले रंग की एचएफ डीलक्स एमपी 05 एनबी 8227 बड़े मंदिर के पास रोड किनारे खड़ी की थी। जब वह कुछ देर बाद करीब 8:45 बजे वापस लौटा, तो बाइक वहां से नदारद थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक का सुराग नहीं लगा, तो शनिवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

### समेरिटंस स्कूल के पीछे नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया शहर के निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण

# 15 करोड़ की लागत से बन रहा नाला नागरिकों को होगी समस्या से निजात

नगर में बारिश के दौरान ओव्हर फ्लो से होने वाली परेशानियों से नागरिकों को निजात दिलाने नपा द्वारा 15 करोड की लागत से कालिका नगर में नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसका नपाध्यक्ष यादव ने निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका द्वारा नंदबिहार कालोनी समेरिटंस के पीछे से भोपाल तिराहे तक नाले का निर्माण का किया जा रहा है। कालिका नगर में नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाले के आसपास खाली जगह का अवलोकन किया उसमें मिट्टी भराई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी तेज हो रही है इसलिए तराई का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री अजीत तिवारी, उपयंत्री आयुषी रिछारिया, निर्माण एजेंसी के अशोक मीना सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

उपयंत्री आयुष रिछारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 15 करोड़ की लागत से नंदबिहार कालोनी समेरिटंस के पीछे से भोपाल तिराहे तक नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। कालिका नगर में बन रहे नाले का निरीक्षण नपाध्यक्ष द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष यादव का आभार व्यक्त किया। वार्डवासियों ने बताया कि यह बेहद ही महत्वपूर्ण नाला है। इस नाले के निर्माण से स्थानीय रहवासियों राहत मिली है।

**वार्ड 11 में पेयजल टंकी का निरीक्षण किया.**

नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा वार्ड 11 में अमृत योजना 2.0 के तहत बन रही पेयजल टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद गणेश बाबरिया, प्रभारी सहायक यंत्री अजीत तिवारी, उपयंत्री आयुषी रिछारिया उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने पेयजल टंकी के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए उसे समतल करने तथा टंकी की बाउंड्रीबाल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को समयसीमा में पूर्ण करें। जिससे नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिले।

**शहर में अव्यस्था है जारी**

जहां एक ओर शहर की अव्यवस्थाओं को लेकर शहर में अब भी अनेक स्थानो पर अव्यवस्थाएं बरकार हैं। शहर कई बड़े नाले पर निर्माण की आवश्यकता बनी हुई है। शहर के रिहायशी इलाके कालिका नगर और पंचवटी कालोनी को जोड़ने वाला रास्ता अब भी नाले के अभाव में ओव्हरफ्लो हो रहा है। साथ ही मालाखेड़ी चौराहे पर भी नाली नहीं होने से पानी जमा हो रहा है जिससे लोग परेशान है। नपा को चाहिए कि इन स्थानो का भी सर्वे कराए।

## आरपीएफ,वाणिज्य व स्वास्थ्य अमले ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शनिवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एसएस मेनन, उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य), राहुल आरसे, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, प्रकाश बिल्लौरे रेल सुरक्षा बल इटारसी द्वारा संयुक्त रूप से स्टेशन चैकिंग के दौरान बिना अधिकार पत्र के एवं कमर्शियल नियमो का उल्लंघन कर गंदगी कर खाद्य सामग्री बेचने वालों तथा स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से घूमने वाले 10 वेंडरों के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आउटर पर 8 अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। साथ ही पटरी पार करने वाले 4 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### कृषि विभाग ने बनखेड़ी विकास खण्ड पिपरिया जनपद पंचायत में प्रशिक्षण दिया गया



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र एवं बनखेड़ी विकास खण्ड के एक साथ जनपद पंचायत परिसर में एग्रीस्टेक पोर्टल वितरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहायक संचालक शैलेन्द्र राठौर द्वारा बताया गया कि पोर्टल पर भूमि धारी किसान,वन अधिकार पट्टा, ट्रस्ट पट्टा वाले किसान, सिकमीबाले किसान ,म्रत किसान जिनकी भूमि का नामकरण लंबित है। शारिरिक रूप से अक्षम, ब्रदध किसान , संयुक्त खाते धारक कैसे अपना एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करा सकते हैं।ई टोकन के माध्यम से खाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रशांत बान जिला केंद्र सहकारी बैंक रामसजीवन निमोदा मार्कफेड विजय ऊपराले मोनिश अवस्थी वरिष्ठ क्रषि अधिकारी निराली आर्य रुपल राजपूत सहित अन्य सभी पटवारी रोजगार सहायक सचिव समिति प्रबंधक उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह सहित अन्य सभी किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## दादा दरबार धाम में जनसैलाब उमड़ा, भक्तों ने किए दर्शन

**108 घट-खप्पर के बीच विराजीं मां दुर्गा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के भगत सिंह नगर नाला मोहल्ला स्थित मेहरागांव नदी तट पर प्राचीन सिद्ध स्थल श्री दादा दरबार धाम में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान जारी है। शुक्रवार रात महाआरती के बाद मां भगवती की बाड़ी के पट खुले, दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।बता दें कि यहां 108 घट-खप्पर स्थापना के बीच मां दुर्गा की मनोरम प्रतिमा स्थापित की गई है। पट खुलने के अवसर पर एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पट खुलने के पश्चात रात भर देवी जस और भजनों का दौर चला, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे रहे। आयोजन समिति के सदस्य गिरीश पटेल ने बताया कि यहां चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि से विशेष अनुष्ठान की परंपरा है। 31 मार्च को 108 घट-खप्पर की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 2 अप्रैल को हनुमान जयंती और 3 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ इस धार्मिक महोत्सव का समापन होगा।

### कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में शनिवार को भूतपूर्व छात्र मिलन की समारोह का आयोजन किया गया। भूतपूर्व छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को वाटर कूलर प्रदान किया गया। नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा गृहविज्ञान की 12 छात्राओं से प्रारंभ किया गया था। महाविद्यालय की फाउंडर पी टाइट्स थी। महाविद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात छात्राओं ने हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहराया हैं। विभिन्न प्रशासनिक क्षेत्रों, निजी क्षेत्रों, लघु कुटीर उद्योग यहां तक की इसरो में महाविद्यालय की छात्राओं ने दस्तक दी है। वर्तमान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती ढुबे, डॉ. पुष्पा ढुबे, डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ. संध्या राय, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. रागिनी सिकरवार महाविद्यालय में सेवाएं प्रदान कर छात्राओं की मार्गदर्शन बनी हुई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं का स्वागत किया। वहीं कालेज में आई भूतपूर्व छात्राओं को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिविर में दी कानून की जानकारी हेलमेट लगाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर के मातापुरा वार्ड क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर बड़ी मात्रा में कबाड़ रखे होने से नागरिकों को परेशानी होती है। इस समस्या से अवगत होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से नागरिक नाराज हैं। नागरिकों ने बताया कि पिछले एक दशक में कबाड़ का क्षेत्र बहुत विस्तारित हो गया है। एक दशक पूर्व तक सड़क के किनारे कम क्षेत्र में कबाड़ रखा जाता था। लेकिन अब कबाड़ रखने का क्षेत्र विस्तारित हो गया है। तथा मातापुरा वार्ड क्षेत्र के समीप से रामगंज रिपटा रोड के दोनों ओर बहुत अधिक मात्रा में कबाड़ रखा रखा रहता है। जिससे आते जाते नागरिक परेशान होते हैं। साथ ही आवाजाही भी बाधित होती है। खासकर त्यौहारी सीजन में जनता को बहुत अधिक परेशानी भोगना पड़ता है। शहरवासियों के अनुसार ऐसा नहीं है कि स्थानीय एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, एसडीओपी, टीआई तथा सभी विभागों के कर्मचारी इस समस्या से अवगत नहीं हैं। लेकिन छुपे हुए आर्थिक लाभों के चलते ना तो अधिकारी कबाड़ पर कार्रवाई कर पा रहे हैं, और ना ही कर्मचारी इस ओर ध्यान देते हैं। गत दिवस एक धार्मिक यात्रा के दौरान सड़क के किनारे कबाड़ सामग्री भरता ट्रक खड़ा नजर आया। जिसे नागरिकों द्वारा हटाने का आग्रह है अधिकारियों से किया गया। तब जाकर मजबूरी में अधिकारियों ने ट्रक हटाया। नागरिकों का कहना है कि सभी अधिकारियों की बॉडी लैंग्वेज कबाड़ हटाने को लेकर नकारात्मक नजर आ रही थी। वहीं सोशल मीडिया पर शनिवार को दिनभर स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन को घेरा है। नागरिकों ने कबाड़ को हटाने को लेकर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति अति रोष व्यक्त किया है।

## ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण व्यवस्था का दिया प्रशिक्षण, पंजीयन की दी जानकारी

**निर्बाध रूप से उर्वरक इ-टोकन के माध्यम उपलब्ध कराने विवरण दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गुरुवार को सोहागपुर जनपद पंचायत सभागार में कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय उर्वरक वितरण व्यवस्था का प्रशिक्षण दिया गया है। ई-प्रक्रिया के अंतर्गत उर्वरक वितरण के प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम नर्मदापुरम् जिले के उप संचालक कृषि डॉ. रविकांत सिंह के निर्देश अनुसार कृषि विभाग द्वारा दिया गया। पयीस्टेक पोर्टल तथा ई विकास प्रणाली अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण में वितरकों को पूर्ण जानकारी दी गई।

**किसानों को पंजीयन की दी अहम जानकारी**

सोहागपुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील कुमार बर्डे ने बताया कि प्रशिक्षण में सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर द्वारा समझाया गया है कि पयीस्टेक पोर्टल पर भूमिधारी किसान वन अधिकार पट्टा धारक किसान, ट्रस्ट पट्टा वाले किसान, सिकमी किसान, मृत किसान (जिनकी भूमि का नामांतरण लंबित है), शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्ध किसान तथा संयुक्त खाताधारक किसान कैसे अपना एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराएं। यह भी बताया गया है कि ई-टोकन के माध्यम से कैसे खाद प्राप्त कर सकते हैं।

इस प्रशिक्षण से मैदानी स्तर पर आती समस्याओं से पार पाते हुए कृषकों को निर्बाध रूप से उर्वरक इ-टोकन के माध्यम उपलब्ध कराने का विवरण दिया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रशांत बान जिला केंद्रीय एवं सहकारी बैंक नर्मदापुरम तथा पटवारी मोनिश अवस्थी सहित विकासखंड के समस्त पटवारी, ग्रापं सचिव, रोजगार सहायक, प्रायमरी कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधक, डबल लॉक केंद्र के गोदाम प्रभारी व कृषि विस्तार अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पिपरिया के ग्राम हथवांस में किया गया भूमि सुपोषण अभियान का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवांस मे राम जी बाबा परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भूमि सुपोषण कार्यक्रम आयोजित कर भूमि पूजन किया गया। एवं भारत माता की आरती उतारी गई। जैविक खाद के महत्व को बताया गया।

रासायनिक खाद की भी जानकारी दी गई। इस दौरान पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय ने बताया कि नवांकुर संस्कृति संस्था जन-अभियान परिषद के लोग उपस्थित रहे। दुर्गेश गोस्वामी, शुभम भार्गव सहित अन्य सभी पदाधिकारियों सहित अनेक कार्यकर्ताओं किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### छात्रों ने बनाया वार्षिक कैलेंडर



**इटारसी।** जिले में किये जा रहे नवाचारों की श्रृंखला में जनपद शिक्षा केंद्र केसला के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला तीखड़ के प्रधानपाठक सुशील मिश्रा, जन शिक्षक जगत सिंह गौर एवं मुकेश कुमार सेन की प्रेरणा से बच्चों द्वारा वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया है। बच्चों द्वारा वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर की महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें छात्रों द्वारा प्रत्येक माह के मुख्य त्यौहार एवं दिवस शामिल है। कैलेंडर में हर माह के अनुसार पेंटिंग बनाई गई है जिसकी रचना बच्चों ने हाथों से की है। प्रधान पाठक मिश्रा ने बीआरसी रतना सोनिया को कैलेंडर भेंट किया। प्रभारी बीआरसी द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को इस नवाचार के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही बीआरसी द्वारा आने वाले नए सत्र में केसला ब्लॉक के समस्त शालाओं में नवाचार करने की बात कही। गत वर्ष भी ब्लॉक में अनेक प्रकार के नवाचार किए गए। जिससे बच्चों को प्रोत्साहन मिला और केसला ब्लाक अपना अच्छा प्रदर्शन दे पाया। इन नवाचारों से बच्चों एवं शिक्षकों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया करने हेतु जनपद शिक्षा केंद्र केसला का समस्त स्टाफ अपना पूर्ण सहयोग भविष्य में भी प्रदान करेगा।

## श्रीराम लला का मनाया गया जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र के पचमढ़ी रोड दुर्गा मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री राम लला को पालकी में सवार कर विशालकाय शोभायात्रा निकाली गई।नगर भ्रमण किया गया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत के निवासी भी शामिल हुए। परिवार सहित लोगों ने स्वागत सम्मानित किया।भाग लिया गया।विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सुख शांति की कामना की।भजन मंडली भी चलती रही। विशेष सजाया गया नगर को भगवामय कर दिया गया।शाम 4बजे की जगह 6बजे निकाली गई। आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। जयश्री राय के नारे से गूंजती रही पिपरिया। अखाड़े भी शामिल हुए। आदिवासी समुदाय ने अपना नंतय प्रस्तुत किया गया। महाराष्ट्र से बाजे बुलाए गए। महिलाओं की भी ढोल की टीम शामिल होकर अनेकानेक जगहों पर लगातार जल पानी मीठा वितरण किया गया। फटाके फोड़ते हुए आगे बढ़ते हुए हाथ में ध्वजाएं लेकर सभी चलते हुए चल रहे थे। विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू उत्सव समिति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर दुर्गा मंदिर समिति मंगलवारा चौराहे पर भी पूजा अर्चना की गई। प्रशांत रघुवंशी ने बताया कि लगभग सभी रघुवंशी समाज शामिल हुए।

## ब्लॉक में संघर्ष के लिए किसान कांग्रेस तैयार : विजय बाबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान की सहमति से नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी द्वारा नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस में ब्लॉक, नगर किसान कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की है। उक्त जानकारी देते हुए जिला किसान कांग्रेस प्रवक्ता नरेन्द्र महालहा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सिवनीमालवा विधानसभा में 4 ब्लॉक/नगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष, होशंगाबाद विधानसभा में 3 ब्लॉक, नगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष, सोहागपुर विधानसभा में 5 ब्लॉक, नगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष, पिपरिया विधानसभा में 7 ब्लॉक/नगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जिला किसान कांग्रेस प्रवक्ता नरेन्द्र महालहा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि किसान कांग्रेस में सिवनीमालवा ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त यादव, शिवपुर उपब्लॉक अध्यक्ष मनीष वर्मा (बंटी),डोलरिया उपब्लॉक अध्यक्ष विजय गौर, केसला ब्लॉक अध्यक्ष विजय कांवरे, इटारसी नगर अध्यक्ष अखिलेश पटेल चुन्ना, नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, नर्मदापुरम ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रिखीराम यादव, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीवान शैलेन्द्र शाह, सोहागपुर नगर अध्यक्ष गणेश अहिरवार, बाबई ब्लॉक अध्यक्ष राजेश (ऋतुराज) पटेल आदि की नियुक्ति की गई हैं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बयान में कहा कि किसान साथियों की समस्याओं के लिए ब्लॉक नगर स्तर पर किसान कांग्रेस संघर्ष के लिए तैयार रहेगी ।

### गौरैया तितली संरक्षण पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

## पौधा व प्रत्येक जीव सुरक्षित रहे ऐसा संकल्प करें: कनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





माखन नगर माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में गौरिया और तितली संरक्षण पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ आई एस कनेश की अध्यक्षता में विज्ञान संकाय, स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ, प्रकोष्ठ, के सम्मिलित कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल से वन्य जीव संरक्षक और पक्षियों के अस्तित्व के लिए लगातार प्रयासरत भोपाल बड्र्स क्लब से डॉ संगीता राजगीर महाविद्यालय में अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं।

आपने अपने उद्बोधन में कहा कि लगातार हो रहे शहरीकरण, प्रदूषण व मोबाइल रेडिएशन के दुष्प्रभाव के कारण लगातार घरेलू चिड़िया हमारे आसपास के माहौल से घटती नजर आ रही हैं। आपने कहा कि पंछियों को पिंजरों में पालने की बजाय उन्हें स्वतंत्र आसमान में विचरने देना चाहिए और उन्हें दिए जाने वाले दाना पानी व भोजन को उनकी शारीरिक बनावट व स्वभाव के अनुरूप ही देना चाहिए। संगीता द्वारा स्टॉफ के साथ समस्त विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा मानव निर्मित घोंसलों नेस्ट बॉक्स का वितरण किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ आई एस कनेश ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि प्रकृति द्वारा दिया गया प्रत्येक पौधा व प्रत्येक जीव सुरक्षित रहे ऐसा संकल्प प्रत्येक मनुष्य को करना चाहिए। उन्होंने 25 वर्षों पूर्व के समय और आज के समय की तुलना करते हुए चिंता व्यक्त की और कहा कि यदि समय रहते प्रकृति की सुरक्षा नहीं कि गई तो इसके परिणाम अत्यंत घातक होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मनीष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्रँथपाल अजय मेहरा, पंकज बैरवा, सुषमा यादव, डॉ क्षमा मेहरा (स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी), डॉ आकांक्षा यादव, डॉ राजकुमार पटवा, डॉ सुमन अवस्थी, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ कविता दुबे प्रभारी, शिवानी मालवीय, मंजू मेहरा, सन्ध्या गोलियां, जितेंद्र अहिरवार समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस का 'वार्ड-वार्ड चलो अभियान' सतत जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा मयूर जायसवाल के नेतृत्व में निकाला जा रहा वार्ड वार्ड चलो अभियान शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक 4 में जारी रहा। जिसमें आमजन को आ रही समस्याओं को देखते हुए शिकायत पत्र भरवा गए एवं कुछ समस्याओं को जैसे सफाई संबंधदित समस्याएं एवं पेयजल संबंधित समस्याओं का अधिकारियों से चर्चा कर जल्द निराकरण की बात की गई। उक्त अभियान को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है एवं भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका के प्रति जनता में भारी रोष देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलु उपाध्याय, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, संदीप महतो, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष युवराज चौधरी, जिला महासचिव विशाल बड़कुर आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### एएनएम अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण होगा

**हरदा।** अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 06 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा। परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं म.प्र. पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा। संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर परीक्षण करा सकेंगे।

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही करें।

### हिट एंड रन मामलों में बैठक आयोजित

**सीहोर।** हिट एंड रन के प्रकरणों में तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा अनुभाग के सभी तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हिट एंड रन के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए ऐसे मामलों में देरी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर कार्रवाई से पीड़ितों एवं उनके परिजनों को जल्द सहायता मिल सकेगी, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान संभव होगा।

### श्रीराम की आरती और 501 कन्याओं का पूजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन राम नवमी पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस मौके पर भगवान श्रीराम और बाबा का पूजन ढोल-नगाडों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया और उसके बाद यहां पर आने वाले करीब 501 कन्याओं को भोजन प्रसादी कराई और दिन भर यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन का विशेष संदेश दिया है और स्वयं भी कन्याओं का पूजन किया।

भव्य शोभायात्रा निकाली, रामभक्त शामिल हुए, जगह जगह स्वागत किया

# श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार शाम को रामनवमी के अवसर पर श्री हिन्दू उत्सव समिति ने प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा संत रविदास चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए परशुराम चौक तक पहुंची। इसका आयोजन श्री हिन्दू उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शोभायात्रा में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी, केवट और माता शबरी की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके अतिरिक्त, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े, अखाड़ों का शौर्य प्रदर्शन, संतों के रथ और सुसज्जित वाहन भी शामिल थे। रामनवमी के इस पावन पर्व पर शहरवासियों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर और दीपक जलाकर शोभायात्रा का स्वागत किया।

र्व मंत्री कमल पटेल ने बताया कि प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव पूरे देश सहित हरदा में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है, साथ ही रामजी के चरित्र को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल धनगर ने कहा कि शोभायात्रा में राम जी के जीवन से जुड़ी झांकियों के माध्यम से सभी को मिलजुलकर रहने और राम के आदर्शों पर चलकर देश व समाज के लिए त्याग व समर्पण करने की प्रेरणा दी जा रही है। उन्होंने सनातन धर्म के लोगों से एकजुट होने का आह्वान भी किया, जिससे देश सशक्त और मजबूत बन सके। शोभायात्रा का समापन परशुराम चौक पर होगा, जहां मां भारती और भगवान श्री राम की आरती की जाएगी। इसके बाद एक धर्म सभा आयोजित होगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने यात्रा को भव्य और सफल बनाने में सहयोग के लिए हरदा के धर्म प्रेमी लोगों का आभार व्यक्त किया।

जिले में नरवाई जलाने के मामले

## प्रशासन सख्त, 13 लोगों के खिलाफ कारवाई प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में नरवाई जलाने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम सोनखेड़ी के 13 किसानों पर तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने अर्थदंड लगाने की कार्रवाई प्रस्तावित की है। यह घटना 26 और 27 मार्च की दरमियानी रात को हुई थी। तहसीलदार पंवार ने बताया कि इन 13 किसानों ने सामूहिक रूप से अपने खेतों की नरवाई (फसल अवशेष) जलाई थी। इससे एक ओर पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंची है, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत जारी आदेश का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों ने सामूहिक रूप से यह कृत्य कर राजस्व विभाग के कर्मचारियों में भय पैदा किया। इसके अतिरिक्त, राजस्व विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों और शिकायतकर्ताओं को देख लेने और जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इन व्यक्तियों द्वारा अप्रिय घटना कारित करने की पूरी संभावना है। तहसीलदार ने 27 मार्च को अपने ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से गोपनीय रूप से इस कृत्य की जानकारी प्राप्त की थी, जिसकी पुष्टि ग्राम कोटवार ने भी की है। अतः इन व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक और अर्थदंड की कार्रवाई किया जाना उचित होगा।

वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन अग्रिम कार्रवाई हेतु एसडीएम हरदा को प्रेषित किया गया है। जिन किसानों के खिलाफ कार्रवाई होना है उनमें जगदीश पुत्र मुलाजी, राहुल पुत्र राधेश्याम धनरिया, मोहनलाल पुत्र बलराम धनरिया, बलराम पुत्र देवजी, रामशंकर पिता बलराम, रामविलास पुत्र बलराम, दीपक पुत्र रामनिवास, मन्नी बाई पत्नी गोविंद, सुमित पुत्र रामनारायण, अजय पुत्र रामनारायण, राजेश पुत्र गोकुल प्रसाद, राजूमल पिता हरसुकराम, राजेश पुत्र मोहनलाल शामिल हैं।

जल स्तर में और गिरावट की आशंका

## प्रशासन ने जिले में नलकूप खनन पर रोक लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक या पर्याप्त वर्षा होने तक प्रभावी रहेगा।

यह निर्णय आगामी ग्रीष्मकाल में भू-जल स्तर में संभावित गिरावट को देखते हुए लिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड हरदा के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि हरदा जिले में पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान भू-जल स्तर 39.8 मीटर है। अत्यधिक गर्मी और तापमान में वृद्धि के कारण भू-जल स्तर में और गिरावट आने की आशंका है। पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और जल स्त्रोतों को प्रभावित होने से बचाने के लिए यह कदम आवश्यक माना गया है। कलेक्टर जैन ने मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और (संशोधित) अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत हरदा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है।

इस आदेश के तहत, संपूर्ण हरदा जिले में नए निजी नलकूपों और हैंडपंपों के खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त, बिना सक्षम अनुमति के जल स्त्रोतों से कृषि और औद्योगिक कार्यों के लिए सिंचाई पर भी प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें दंडित किया जाएगा। नलकूप खनन या सिंचाई की अनुमति जारी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने-अपने क्षेत्राधिकार में अधिकृत किए गए हैं।

भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## महाविद्यालयों व विद्यालयों से 250 छात्रों, शिक्षकों ने गुर सीखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में भूकंप पूर्व तैयारी और क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएएम) के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




यह कार्यशाला शनिवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज हरदा में संपन्न हुई, जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों से लगभग 250 छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पॉलीटेक्निक कॉलेज हरदा की प्राचार्य डॉ. अनिरूचि सिंह ने किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और क्षमतावर्धन करना था। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। होमगार्ड हरदा के प्लाटून कमांडर जे.एल. कोठारी ने भूकंप के जोखिम और भेद्यता का अवलोकन, भूकंप की तैयारी और सुरक्षा उपायों पर जानकारी दी। सिविल इंजीनियर शिवम आर्या ने लचीली अवसंरचना और जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, हवलदार दीपक ठाकुर ने हताहतों के परिवहन और प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम में जे.एल. कोठारी, दीपक ठाकुर, हवलदार स्टोरमैन कैलाश तोमर, आरक्षक और होमगार्ड/एसडीईआरएफ के जवान भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप से बचाव के तरीकों को समझाने के लिए एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूकंप आने के कारणों, उसके प्रभावों और राहत कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद, प्रतिभागियों को व्यावहारिक बचाव अभियान का प्रदर्शन करके दिखाया गया। इसमें मशीनों को संचालित करने, उपकरणों का उपयोग करने और आपदा में लोगों की जान बचाने के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

## शिवना व आभापुरी की अधीक्षक पर गिरी गाज दो शिक्षिकाओं को छात्रावासों का प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

जैसी कि संभावनाएं थी,अंततः आभापुरी और शिवना के दो छात्रावासों में कार्यरत अधीक्षिकाओं पर फेरबदल की गाज गिरी है। उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर,अन्य शिक्षिकाओं को प्रभार सौंपने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, दोनों ही अधीक्षिकाओं को उनकी मूल संस्थाओं में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया है। जिला शिक्षा केंद्र खरगोन द्वारा संचालित सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास शिवना की अधीक्षिका शर्मिला कनाड़े को हटा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि शा. प्राथमिक स्कूल शिवना में पद रिक्त होने से कार्य सुविधा के लिए उन्हें वापस पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर शा.प्राथमिक स्कूल बागदरी की शिक्षिका अनिता कौशल को प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रम आभापुरी की अधीक्षिका नगीना सोलंकी भगवानपुरा को पदमुक्त किया गया है। उनके स्थान पर शा. प्राथमिक स्कूल बेड़छा की शिक्षिका ललिता आर्य को प्रभार दिया गया है। दोनों ही आदेश 24 मार्च को जारी किये गए हैं,जो अन्य आदेश जारी होने तक प्रभावशील रहेंगे।

**और लटकी रही तलवार**

इन आदेशों के बाद कुछ और अधीक्षकों के सिर पर भी तलवार लटक रही है और उन्होंने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि सम्बंधित कार्यालयों से छन-छनकर ख़बरें बाहर आ रही है। जिनमें कुछ और अधीक्षकों को हटाने और कुछ को अन्यत्र एडजस्ट करने की बात कही जा रही है।

**इनका कहना है**

शिवना और आभापुरी के छात्रावासों के उक्त आदेश जारी हुए हैं। यह जानकारी उन्हें मिली है,लेकिन उनकी प्रतिलिपी कार्यालय में अभी प्राप्त नहीं हुई है।

प्रभात परमार्थी, बीईओ, झिरन्या

## कैम्पस ड्राइव में 119 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 व 28 मार्च को पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में डैकिन एसी कम्पनी की दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया शनिवार को कैंपस ड्राइव में हरदा, बैतूल और खंडवा के डिप्लोमा अंतिम वर्ष के 147 विद्यार्थियो ने भाग लिया। ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी विकास भुमरकर ने बताया कि इस दौरान राजस्थान और आंध्रा में स्थित प्लांट के लिए कुल 119 विद्यार्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ।

11 दिन में से सिर्फ 2 दिन खुलेगी सीहोर मंडी, ईरान-इजराइल संकट से निर्यात पर रोक का डर

# बंपर आवक और युद्ध के बीच मंडियों में 'तालाबंदी', अन्नदाताओं की बढ़ी धड़कनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है और मंडियों में बंपर आवक का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन ठीक इसी समय त्योहारों और बैंक क्लोजिंग के 'अवकाश' किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनकर सामने आए हैं। 26 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक के 11 दिनों के भीतर सीहोर मंडी में केवल 2 दिन ही नीलामी कार्य होगा। छुट्टियों के इस लंबे सिलसिले ने उन किसानों की चिंता बढ़ा दी है, जो वैश्विक हालातों को देखते हुए अपनी उपज जल्द से जल्द बेचना चाहते हैं।

मंडियों के बंद होने से किसान इसलिए भी ज्यादा चिंतित हैं क्योंकि वर्तमान में ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की स्थिति बनी हुई है। बाजार में चर्चा है कि केंद्र सरकार भारत से गेहूं के निर्यात पर रोक लगा सकती है। ऐसी स्थिति में गेहूं के दामों में गिरावट आने की आशंका है।



किसान चाहते हैं कि भाव गिरने से पहले वे अपनी फसल बेच दें, लेकिन मंडी के लगातार अवकाश उनकी राह में रोड़ा बन रहे हैं।

**कब खुलेगी और कब बंद रहेगी मंडी :** मंडी प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार छुट्टियों का क्रम गुरुवार से शुरू हो गया है, जो अप्रैल के पहले सप्ताह तक चलेगा। 26 मार्च अष्टमी का अवकाश रहा, जबकि आज 27 मार्च रामनवमी की छुट्टी। 28 मार्च शनिवार बैंक अवकाश। 29 मार्च साप्ताहिक अवकाश। 30 मार्च मार्च क्लोजिंग के कारण बंद। 31 मार्च महावीर जयंती का अवकाश। 1 अप्रैल बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी नीलामी बंद। 2 अप्रैल नीलामी कार्य चालू रहेगा। 3 अप्रैल गुड फ्राइडे का अवकाश। 4 अप्रैल नीलामी कार्य चालू रहेगा। 5 अप्रैल रविवार साप्ताहिक अवकाश।

### किसानों की अपील, विशेष व्यवस्था प्रशासन करे

लगातार अवकाशों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के पास उपज रखने की जगह कम पड़ रही है, वहीं मौसम के बदलते मिजाज और आगजनी की घटनाओं का डर भी उन्हें सता रहा है। किसानों की मांग है कि आवक के इस पीक सीजन को देखते हुए प्रशासन को बीच की छुट्टियों में नीलामी के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता निकालना चाहिए ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## 67 हजार के लिए 5 लाख का ट्रैक्टर कुर्क, 'कृषक वर्ष' में विभाग अन्नदाता का सामान कर रहा जब्त

**सीहोर।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने इस वर्ष को कृषक वर्ष घोषित किया है, जिसका उद्देश्य किसानों का सम्मान करना और उनकी आय बढ़ाना है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। सीहोर जिले में बिजली विभाग ने किसानों के खिलाफ जो मोर्चा खोला हैए उसने सरकार के किसान हितैषी दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। विभाग महज 67 हजार रुपये की बकाया राशि के लिए किसानों के 5 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले ट्रैक्टर कुर्क कर रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और बढ़ते जन आक्रोश के बीच बिजली कंपनी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जारी जानकारी में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक संजीव सिंह ने स्वीकार किया कि जिले में कुर्की की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि ग्राम रलावती के किसान मोर सिंह पर घरेलू और कृषि पंप का कुल 67 हजार 806 रुपये बकाया था। विभाग का दावा है कि 12 मार्च को अंतिम नोटिस देने के बाद ही नियमानुसार ट्रैक्टर की जब्ती की गई है।

### मंडी में छुट्टी, खेतों में फसल, किसान आखिर कहां से लाए पैसा

बिजली विभाग की यह कार्रवाई उस समय हो रही है जब किसान सबसे ज्यादा लाचार है। वर्तमान में गेहूं और अन्य फसलें खेतों में खड़ी हैं। कटाई और थ्रेसिंग के लिए किसान को ट्रैक्टर की सबसे अधिक जरूरत है, लेकिन विभाग उसी आधार को छीन रहा है। सीहोर की मंडियों में फिलहाल अवकाश है और समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी ने अभी रफ्तार नहीं पकड़ी है। ऐसे में किसान के पास बिल भरने के लिए नकद राशि उपलब्ध नहीं है। जिस ट्रैक्टर के सहारे किसान अपनी उपज मंडी ले जाकर कर्ज चुकाने की सोच रहा था, अब वही ट्रैक्टर विभाग के कब्जे में है।

**सत्ता पक्ष की खामोशी और कांग्रेस हमलावर**

हैरानी की बात यह है कि कृषक वर्ष मनाने वाले सत्ताधारी दल के स्थानीय नेता इस पूरी कार्रवाई पर मौन साधे हुए हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने इसे सरकार की श्दोहरी नीतिश बताया है। कांग्रेस का आरोप है कि एक तरफ मंचों से किसानों के सम्मान की बातें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ गनमैन के साये में किसानों के घरों से ट्रैक्टर उठवाए जा रहे हैं।

**अन्नदाता का ये कैसा सम्मान?**

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि सरकार और विभाग को कम से कम फसल बिकने तक का इंतजार करना चाहिए था। 5 लाख का ट्रैक्टर 67 हजार के लिए जब्त करना किसी सम्मान से कम नहीं, बल्कि अन्नदाता का सरेआम अपमान है।